महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध,
समस्त राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप / अनु04 / 2024 / 8316 **लखनऊःदिनांक– 31.01.2024**

विषयः–समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा–2023 दिनांक 11 फरवरी, 2024 के आयोजन के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2023 दिनांक 16–01–2024 से 13–02–2024 के मध्य वर्तमान में संचालित हो रही है। सचिव, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा अपने पत्र संख्या 06 / 05 / ई–2 / 2023–24 दिनांक 23 जनवरी 2024 के माध्यम से दिनांक 11 फरवरी 2024 को समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी आदि (प्रा0) परीक्षा–2023 के आयोजन के दृष्टिगत परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर की दिनांक 11–2–2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा को किसी अन्य तिथि में आयोजित किये जाने का अनुरोध किया गया।

उक्त प्रकरण दिनांक 30–01–2024 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर की अध्यक्षता में आहूत परिषद की परीक्षा समिति के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। प्रकरण पर समिति द्वारा विचार–विमर्श किया गया एवं सर्वसम्मति से दिनांक 11–02–2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा को **दिनांक 14–02–2024** को पूर्व में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

परीक्षा समिति द्वारा लिये गये उक्त निर्णय के अनुक्रम में आप सभी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11–02–2024 को आयोजित होने वाली सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर की परीक्षा दिनांक **14–02–2024** को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। कृपया उपरोक्तानुसार अपनी संस्था के छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप / अनु04 / 2024 / 8317–21 **तद्‌दिनांक– 31.01.2024**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र।
4. केन्द्र अधीक्षक / स्थायी पर्यवेक्षक, विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2023 हेतु निर्धारित परीक्षा केन्द्र।
5. कम्प्यूटर प्रभारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव